# कुमार जीवन - 56

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ **कुमारों से** :- कुमार क्या कमाल करते हो? धमाल करने वाले तो नहीं हो ना! कमाल करने के लिए शक्तिशाली बनो और बनाओ। शक्तिशाली बनने के लिए सदा अपना **"मास्टर सर्वशक्ति-वान का टाइटिल स्मृति में रखो।** जहाँ शक्ति होगी वहाँ माया से मुक्ति होगी।

➳ _ ➳ जितना स्व के ऊपर अटेन्शन होगा उतना ही सेवा में भी अटेन्शन जायेगा। **अगर स्व के प्रति अटेन्शन नहीं तो सेवा में शक्ति नहीं भरती।** इसलिए सदा अपने को सफ़लता स्वरूप बनाने के लिए **शक्तिशाली अभ्यास के साधन बनाने चाहिए।** कोई ऐसे विशेष प्रोग्राम बनाओ। जिससे सदा प्रोग्रेस होती रहे। **पहले स्व उन्नति के प्रोग्राम बनाओ तब सेवा सहज और सफ़ल होगी।**

➳ _ ➳ कुमार जीवन भाग्यवान जीवन है क्योंकि कई बन्धनों से बच गये। नहीं तो गृहस्थी जीवन में कितने बन्धन हैं। तो ऐसे भाग्यवान बनने वाली आत्मायें कभी **अपने भाग्य को भूल तो नहीं जातीं।** सदा अपने को श्रेष्ठ भाग्यवान आत्मा समझ औरों के भी भाग्य की रेखा खींचने वाले हो। जो निर्बन्धन होते हैं वह सब ही उड़ती कला द्वारा आगे बढ़ते जाते। इसलिए कुमार और कुमारी जीवन बापदादा को सदा प्यारी लगती है। गृहस्थी जीवन है बन्धन वाली और कुमार जीवन है बन्धन मुक्त। तो निर्बन्धन आत्मा बन औरों को भी निर्बन्धन बनाओ।

➳ _ ➳ कुमार अर्थात् सदा सेवा और याद का बैलेन्स रखने वाले। बैलेन्स है तो सदा उड़ती कला है। जो बैलेन्स रखना जानते हैं वह कभी भी किसी परिस्थिति में नीचे-ऊपर नहीं हो सकते।

**(27-11-85)**

---

➢➢ स्वयं को शक्तिशाली कैसे बनाएं ?

➳ _ ➳ स्व चिंतन

➳ _ ➳ भिन्न भिन्न रूहानी ड्रिल

➳ _ ➳ स्वमानो का अभ्यास

➳ _ ➳ यज्ञ सेवा

→ निस्वार्थ सेवा

→ नाम मान शान के लिए न की गयी हो

→ मैं पैन न हो

→ निर्माणचित होकर की गयी हो

→ उसमें कोई दिखावा / आडम्बर न हो

→ **परमात्म प्रेम से भरपूर सेवा हो**

■ **परमात्म प्रेम हृदय में इतना भर चूका है की**

▶ **वह सेवा से अभिव्यक्त हो रहा है**

➳ _ ➳ सर्व आत्माओं के प्रति शुभ भावना

→ आपके खिलाफ षड़यंत्र करने वालो के प्रति भी

→ आपको निंदा के कडवे घूँट पिलाने वालों के प्रति भी

➾ _ ➾ तुरंत आज्ञाकारी बनने से

→ बाबा ने कहा और मैंने किया

➾ _ ➾ शक्तियों का सदुपयोग करने से शक्तियां और बडती हैं

→ “मैं सहनशील आत्मा हूँ” - सिर्फ इस लाइन का गायन नहीं करना है

■ बल्कि इसका स्वरुप बनना है

➾ _ ➾ **हर परिस्थिति में छिपे हुए वरदान को ढूंढो**

→ Blessing In Disguise

➾ _ ➾ ये कांटो की दुनिया है

→ यहाँ कांटे तो चुभेंगे ही

■ उन्हें enjoy कीजिये

➾ _ ➾ व्यक्ति महान 3 चीजों से बनता है

→ सुनना

→ सहन करना

→ समाना